JALAUN POLICE

दिनांक – 23.09.2025

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में पुलिस महानिदेशक उ0प्र0 एवं अपर पुलिस महानिदेशक, कानपुर जोन, कानपुर व पुलिस महानिरीक्षक, झांसी परिक्षेत्र, झांसी के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक जालौन के कुशल नेतृत्व में जनपद जालौन पुलिस द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को निरन्तर जागरूक कर सशक्त किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत जनपद जालौन के समस्त कोतवाली/थानों द्वारा स्कूल/कॉलेज, बाजारों, भीड़भाड़ वाले स्थानों व ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर महिला सशक्तिकरण हेतु महिलाओं/ बालिकाओं को महिला बीट अधिकारियों द्वारा ग्राम चौपाल का आयोजन कर विभिन्न टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबरों 1090 वीमेन पावरलाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 102 स्वास्थ्य सेवा, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड लाइन, 101 अग्निशमन, 1930 साइबर हेल्पलाइन इत्यादि की जानकारी दी गयी।

जनपद जालौन के समस्त थानों द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं को गुड टच, बैड टच, घरेलू हिंसा, साइबर अपराध इत्यादि के बारें में जानकारी देते हुए शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं राष्ट्रीय पोषण योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, वन स्टाप सेन्टर, महिला शक्ति केन्द्र योजना इत्यादि के विषय में जानकारी दी गई तथा किसी भी अप्रिय घटना के बारे में संदेह होने पर बताये गये हेल्प लाइन नम्बर या तत्काल थाना पुलिस को सूचित करने के बारे में जागरूक किया गया।

पुलिस अधीक्षक जालौन द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के सम्बन्ध में लगातार ब्रीफ कर नेतृत्तव किया जा रहा है।

उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/ बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान 5.0 के क्रम में दिनांक 22.09.2025 एण्टी रोमियो टीम थाना नदीगांव द्वारा रास्ते में आने-जाने वाली महिलाओं व लडकियों को देखने वाले शोहदे इश्यू पुत्र राजू निवासी ग्राम बसीठ थाना नदीगांव जनपद जालौन को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी है।

जालौन पुलिस का मिशन शक्ति अभियान लगातार जारी है।

जालौन पुलिस महिलाओं की सुरक्षा एवं स्वावलंबन हेतु 24*7 प्रतिबद्ध है।